
प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। वह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, योंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।
स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626
डाक पंजीयन क्रमांक
बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 /
2016-17

# यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लाँग इन करें
https://dainikyashonnati.com

वर्ष 8+15 अंक 04 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी रविवार 23 अप्रैल 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4



पृष्ठ-2 सिवनी समाचार .....
पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार
ÂDI-4 मंडला समाचार .....






## धूमधाम से मनायी गयी भगवान परशुराम जयंती

सिवनी यशोः- जिला ब्राम्हण समाज के तत्वाधान में, भ्रगुकुल नंदन भगवान श्री परशुराम जी का प्राकट्य उत्सव हर्षोल्लास और पूर्ण गरिमा के साथ मनाया गया । प्रातः नंदीकेश्वर धाम में भगवान परशुराम एवं माता त्रिपुर सुंदरी का पूजन अर्चन के पश्चात ब्राह्मण समाज के द्वारा नगर के सिद्ध क्षेत्र मठ मंदिर प्रांगण से विशाल शोभायात्रा निकाली गयी जिसमें भगवान परशुराम जी की झांकी के साथ अन्य आकर्षक झांकिया थी । शोभायात्रा में बड़ी सं या में चौपहिया वाहन एवं दुपहिया वाहन में ब्राह्मण समाज के सभी आयु वर्ग के महिला पुरूष एवं बच्चे शामिल रहे । शोभायात्रा मठ मंदिर से प्रारंभ होकर नगर पालिका चौक से होते हुये नेहरू रोड एवं बरघाट रोड से ब्राह्मण समाज के भवन नंदीकेश्वर धाम पहुँची जहाँ यात्रा विशाल धर्म सभा में परिवर्तित हो गयी ।



नंदीकेश्वर धाम में ब्रह्मलीन जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराजश्री के कृपा पात्र शिष्य पूज्य आचार्य महामंडलेश्वर दंडी स्वामी श्री प्रज्ञानानंद सरस्वती जी महाराज ने भगवान परशुराम की एवं माता त्रिपुरी सुंदरी की पूजा अर्चन कर अमृतवाणी से उपस्थित ब्राह्मण समाज को संबोधित करते हुये भगवान परशुराम के ब्राह्मणत्व और ब्राह्मणों को ब्राह्मणत्व का पालन करने की बात कहीं इस पर गीता मर्मज्ञ आचार्य पं.श्री जानकी वल्लभ मिश्र, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष- राजेश त्रिवेदी,जिले के धर्मज्ञ यातिलब्ध सर्जन डॉ टर एम. एन. त्रिवेदी (नर्मदा नर्सिंग होम) अतिथि के रूप में उपस्थित रहे ।

धर्म सभा पंडाल में जिले के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं जिन्होंने वर्ष 2022-23 के सत्र में 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में 85 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किया है तथा विभिन्न विधाओं में उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त कर, समाज एवं जिले को गौरवान्वित किया है! उन्हें स मानित किया गया इसके पश्चात सभी महाप्रसाद ग्रहण किया ।



## नालियों की गंदगी से युक्त पेयजल की हो रही सप्लाई

### नगरपालिका की पानी की पाइप लाइन वाल्ब से मिल रहा नाली का दूषित जल - जनता पी रहे गंदगी का पानी

सिवनी यशोः- शहरी क्षेत्र में नगरपालिका द्वारा प्रदाय पेय जल पाइप लाइन के जल गति नियंत्रण बाल्व से नाली की गंदगी रिस कर मिल रही है जिसे लोग पी रहे है। पेयजल पाइप लाइन में पानी की निकासी को नियंत्रित करने हेतु जगह जगह बाल्व लगाए गए है जिनको नियमानुसार सुरक्षित नही बनाया गया है जिससे पाइप लाइन के पास की नाली की गंदगी युक्त पानी उस बाल्व से होता हुआ पेय जल में मिलकर लोगो के घरों में पहुंच रहा है।

नगरपालिका प्रशासन की अमानवीय घोर लापरवाही को उजागर करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता संतोष चौबे द्वारा यह मुद्दा उठाया गया है कि शहर की लगभग 90 प्रतिशत आबादी नगर पालिका द्वारा प्रदाय पेय नलजल योजना के अंतर्गत घर के नल कने शन पर निर्भर है जिसमे बैनगंगा नदी का पवित्र पानी आता है लोगो का इस जल के प्रति धार्मिक महत्व है लोग पवित्रता आत्मिक शुद्धि के रूप में इस जल को महत्ता देते हुए इसका उपयोग करते है । जब इस जल में नाली की गंदगी मिलकर आ रही है तो इस अमानवीय कृत्य के लिए लोग नगर पालिका को कभी क्षमा नही करेंगे।

उक्ताशय की जानकारी देते हुए श्री चौबे द्वारा कहा गया है जी नल जल योजना के अंतर्गत नवीन जल पाइप लाइन बिछाई गई है जिससे घरों में नल के कने शन दिए गए है इस पाइप लाइन में पानी के प्रेशर व बहाव को नियंत्रित करने हेतु जगह जगह वाल्ब लगाए गए है जिसको एक नगर पालिका का कर्मचारी प्रतिदिन नियंत्रित करता है।शहर में यह पाइप लाइन नाली से लगी हुई बिछाई गई है जिसमे वाल्ब के कैप की ऊँचाई नाली के लेवल पर है जिसको लगते समय नाली तो तोड़ा गया था जिससे नाली की गंदगी के अंदर वाल्ब डूबा रहता है नगरपालिका कर्मचारी नाली के अंदर डूबे वाल्ब को एक बड़े पाने की मदद से कंट्रोल करता है जब पाइप में पानी का प्रेसर आता है तो वाल्ब से पानी हवा के साथ निकलता है जब पानी का प्रेसर बन्द होता है तो नाली का पानी वापिस जाता है।यह घटना प्रतिदिन होती है इसको कोई भी व्यक्ति ध्यान से देख सकता है पूरे शहर में सैकड़ो वाल्ब लगे है सभी नाली से लगे है।



श्री चौबे द्वारा बताया गया कि इस वाल्ब की सुरक्षा की जि मेदारी नगर पालिका प्रशासन की थी जिसको नवीन जल योजना के ठेकेदार फर्म से करवाना था पाइप लाइन में वाल्ब की सुरक्षा व रख रखाव हेतु नियमावली है परंतु जि मेदार द्वारा आर्थिक लाभ लेने के कारण इस तरफ ध्यान नही दिया गया है।

सभी लोग नाली की गंदगी के साथ गंदा बदबूदार पानी पी रहे है जो अमानवीयता है इससे लोगो का मानसिक व शारीरिक पतन होगा उनको गंभीर बीमारी के साथ संक्रमण का खतरा सदैव बना रहेगा।

## जिला कलार समाज ने बोर्ड बनाने मु यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

केवलारी यशोः- विगत दिवस विधायक राकेश पाल सिंह के विशेष आग्रह पर लाडली बहना योजना के स मेलन में विधानसभा मु यालय केवलारी पहुंचे प्रदेश के जननायक शिवराज सिंह जी चौहान के समक्ष पहुंच कर जिला हैहय कल्चुरी महासभा के जिलाध्यक्ष प्रमोद राय ,समाज के संरक्षक सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन जिला भाजपा उपाध्यक्ष प्रदीप राय के नेतृत्व में कलार समाज के कल्याण के लिए शीघ्र बोर्ड बनाने की मांग को लेकर एक ज्ञापन सौंपा गया योंकि स पूर्ण मध्यप्रदेश में कलार समाज की जनसं या लगभग 42 से 45 लाख है और हमारे सिवनी जिले में कलार समाज की सं या लगभग एक लाख से 130000 है और जिसमें मध्य प्रदेश में सबसे ज्यादा कलार की जनसं या लोकसभा बालाघाट लोकसभा मंडला लोकसभा छिंदवाड़ा में है।इस अवसर पर समाज के प्रतिनिधि के रूप में जिला भाजपा उपाध्यक्ष श्री लालमणिन्दर लालू राय, सुजीत राय, रमेश राय सतीश राय राजेन्द्र राय लकी राय विनय राय, मोनू राय आदि स मिलित रहे।



### कुर्मी क्षत्रिय समाज सिवनी द्वारा श्रीमद भागवत कथा का आयोजन आज से

सिवनी यशोः- कुर्मी क्षत्रिय समाज द्वारा आगामी 23 अप्रैल से 29 अप्रैल तक यश लॉन परतापुर रोड भैरोगंज सिवनी में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है।

कुर्मी क्षत्रिय समाज द्वारा आयोजित इस श्रीमद भागवत कथा में व्यास पीठ पर वृन्दावन धाम के महाराज शैलेंद्र कृष्ण शास्त्री द्वारा अपने मुखारबिंद से कथा अमृत का रसपान कराएंगे। कुर्मी समाज द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा में आगामी 26 अप्रैल को अपराह्न 3 बजे से जगद्गुरू शंकराचार्य सदानंद सरस्वती जी महाराज द्वारा आशीर्वचन दिए जायँगे।

श्रीमद भागवत कथा के आयोजन में आगामी 23 अप्रैल को महामाया मंदिर भैरोगंज से यश लॉन तक विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। कुर्मी समाज के सभी पदाधिकारियों आयोजकों द्वार सनातन धर्म प्रेमियों से धर्म लाभ लेने हेतु अपील की गई है।

### जबरन नॉलेज




## ईद : अपने रब की बारगाह में एक साथ झुके हजारों सिर



### अमन, चैन व शांति की मांगी गई दुआयें

सिवनी यशोः- जिला मु यालय सिवनी सहित ग्रामीण अंचलों को शनिवार को ईदुल फितर का त्यौहार शांति व सद्भाव के साथ मनाया गया। सुबह से ही नन्हें मुन्ने बच्चे, नौजवान व बुर्जुग ईद की नमाज अदा करने के लिए मस्जिद व ईदगाह की ओर अपने घरों से निकल पड़े। नगर के बड़ी ज्यारत स्थित ईदगाह में सुबह 8.15 बजे ईदुर फितर की नमाज अदा की गई, जहां शहर काजी मौलाना अनीश अंसारी ने अपने बयान में बताया कि रोजेदार के लिए ईद इनाम का दिन है, इस दिन अल्लाह अपने बंदों को माह रमजान का ईनाम अता फरमाता है। ईदगाह में नमाज अदा होने के पश्चात अमन चैन व शांति की दुआएं मांगी गई। वही दुआ के बाद एक दूसरे को गले मिल ईद की मुबारकबाद दी गई।

मु यालय सिवनी में बडी ईदगाह के अलावा घसीयारी मोहल्ला ईदगाह, मस्जिद गरीब नवाज, मस्जिद फैजानेरजा, मस्जिद सूफिया, मस्जिद फैजगंज, पिंजारी मोहल्ला, मस्जिद नूरअंबिया बस स्टैंड, मस्जिद गौसिया एकता कालौनी एवं बुधवारी जीएन रोड स्थित मस्जिद ईदगाह में बड़ी सं या में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने पहुंचकर सुबह 6.30 बजे से लेकर 9.30 बजे तक अलग-अलग समय में नमाज अदा की गई। इस दौरान एक साथ हजारों लोगों ने अपने रब की बारगाह में सजदा कर उसकी इबादत की।

जिले के विकासखंड मु यालय छपारा, लखनादौन, केवलारी, धनौरा, बरघाट, घंसौर, कुरई सहित ग्रामीण अंचलों में स्थित ईदगाह एवं मस्जिदों में भी ईदुल फितर की नमाज शांति व सद्भाव के साथ अदा की गई। ईदुल फितर त्यौहार के लिए सुरक्षा के दृष्टि से पुलिस प्रशासन द्वारा चाक-चौबंद व्यवस्था की गई थी, जहां सभी ईदगाह व मस्जिदों में बल तैनात रहा।

### जनप्रतिनिधियों ने दी मुबारकबाद

जिला मु यालय में स्थित ज्यारत ईदगाह सहित अन्य मस्जिदों में पहुंचकर मुस्लिम धर्मालंबियों के सबसे पवित्र त्यौहार ईदुल फितर के मौके पर जनप्रतिधियों द्वारा गले मिल मुबारकबाद दी गई। विधायक दिनेश राय मुनमुन, राजकुमार खुराना, आनंद पंजवानी सहित अन्य नेताओं ने ईदुल्लफितर की नमाज के पश्चात ईदगाह पहुंचकर एक दूसरे को गले मिल मुबारकबाद दी।



### साफ-सफाईका रखा याल

शनिवार को ईदुल्ल फितर की नमाज के पूर्व ही नगर पालिका प्रशासन द्वारा नगर के ईदगाह सहित सभी मस्जिदों के आसपास विशेष रूप से साफ-सफाई की गई थी, जहां ईद की नमाज अदा करने आने वाले लोगों को किसी भी तरह की परेशानी न हो, इसका भी याल रखा गया।

## धूमधाम से मनाया गया नगर में ईद का त्यौहार



बरघाट यशोः- शनिवार को बरघाट क्षेत्र में ईद-ऊल-अजहा का त्योहार धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। परंपरा के अनुसार ईदगहा मे हिदू-मुस्लिम भाइयों ने मिलकर एक-दूसरे को मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। सुबह से ही लोग अपने वाहनों में बैठकर शहर के ईदगाह मैदान में जमा होने लगे। ईदगाह मैदान में जामा मस्जिद मौलाना अब्दुल रशीद ने ईद की नमाज अदा कराई। इस अवसर पर भारी सं या में नमाजियो ने नमाज अदा की और मुल्क व क्षेत्र की अमन शांति के लिए दुआ मांगी। नमाज अदा करने से पहले उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि इस्लाम आपसी भाईचारे को बढ़ावा देता है। उन्होंने नमाज पढने आए नमाजियों से कहा कि किसी से भी घबराने की जरूरत नहीं है। यह मुल्क हमारा है। हम इसके बाशदे हैं। इसके कानून की हिफाजत करना व मानना हमारा फर्ज बनता है। हमें कोई भी ऐसा कार्य नहीं करना चाहिए जिससे आपसी भाईचारे पर फर्क पड़े। उन्होंने नमाज के बाद मुल्क, प्रदेश और क्षेत्र में अमन व शांति के लिए दुआ मांगी। साथ ही आपस में मिलजुलकर रहने का संदेश भी दिया। बरघाट विधायक अर्जुन सिंह काकोडिया द्वारा बरघाट मे ईदगाह के कार्यक्रम के पहुचकर सभी मुस्लिम भाईयो से गले मिलकर उन्हे ईद की मुबारक बाद दी। बरघाट के कार्यक्रम मे विधायक अर्जुन सिंह काकोडिया, नगर परिषद की अध्यक्ष इमरता साहू, नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष अनिल सिंह ठाकुर, नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष विजय सुर्यवंशी, पूर्व पार्षद ऋषभ जायसवाल, सांसद प्रतिनिधि अनिल पाठक, पार्षद अभिलाष मालवीय, पार्षद ज्ञान सिंह चौधरी, असंत उईके, पार्षद जितेंद्र सिंगारे, डॉ प्रज्ञा सूर्यवंशी, नवीन नागभिरे, अनुराग पंद्रे सहित अन्य नागरिक मौजूद रहे।



मौजूद रहा प्रशासनिक अमला- कार्यक्रम मे तहसीलदार अमित रिनाहिते, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस शशिकांत सैयाम, थाना प्रभारी प्रसन्न शर्मा, नगर परिषद के मु य नगर पालिका अधिकारी वेद प्रकाश पुरी गोस्वामी के साथ अन्य नागरिक व नगर परिषद अमला रहा?।

नगर परिषद व पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था - नगर नगर परिषद अध्यक्ष व सीएमओ द्वारा ईद के मौके पर ईद के मौके पर नगर मे में अच्छी व्यवस्था की गई, नगर परिषद अध्यक्ष द्वारा ईद के मौके पर मुस्लिम भाइयों का मुंह मीठा कर ईद की बधाई दी गई। वहीं थाना प्रभारी द्वारा बरघाट नगर सहित धारना, खारी, मलारा और बोरी ग्राम में भी सुरक्षा और शान्ति को दृष्टि को दृष्टिगत रहते हुये पुलिस बल तैनात किया गया था।

# क्षत्रियों के कुलनाशक नहीं समाज संगठक थे भगवान परशुराम जी

**प्रवीण गुगनानी–**

वैशाख शु ल तृतीया अर्थात अक्षय तृतीया सनातन हिंदू समाज की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण तिथि है। यह दिवस केवल हमारे सकल हिंदू समाज के आराध्य भगवान् परशुराम के अवतरण का ही नहीं अपितु इसी दिन परमात्मा के हयग्रीव, नर नारायण और महाविद्या मातंगी अवतार का भी अवतरण दिवस है।
वस्तुतः यह दिवस मानव के जैविक विकास के क्रम में आधुनिक मानव के आदि पुरुष का आगमन दिवस है।

सृष्टि के विकास क्रम में मनुष्य ने यहां तक की यात्रा में अपना जैविक विकास क्रम पूरा किया था। भारतीय समाज का यही वैज्ञानिक तथ्य और सनातन की यही श्रेष्ठतापश्चिमी सोच वाले और दोहरी मानसिकता वाले वामपंथियों को चुभती है।

सनातन हिंदू समाज के ये विद्वान, पराक्रमी, जनरक्षक, वैज्ञानिक दृष्टिकोण वाले नायक वामपंथियों को चुभते हैं। इस चुभन और विद्वेष का ही परिणाम है कि ये कथित क युनिष्ट, ये पश्चिमी, ये समाजतोड़क हिंदू समाज के परस्पर तादात य व प्रेम को समाप्त करने हेतु नए नए वितंडे लेकर आते रहते हैं।
यह भी हिंदू समाज को तोड़ने व हमारी सामाजिक समरसता को भंग करने हेतु का एक वितंडा और भ्रमजाल ही है कि परशुराम ने इस धरा पर 21 बार क्षत्रियों का समूल नाश किया था। वस्तुतः सत्य यह नहीं है। सत्य यह है कि, कामधेनु के अपहरण को लेकर उपजे संघर्ष में परशुराम के पिता सहस्त्रार्जुन का हैहयवंशियों ने युद्ध में वध कर दिया था।

**यह युद्ध 21 बार किया गया था।**

इस क्रम में भगवान परशुराम जी की शत्रुता सिर्फ महिष्मती के हैहय वंशी सहस्त्र अर्जुन से थी जो एक अहंकारी राजा था जिसके पुत्रो ने परशुरामजी के पिता का वध किया था। किवदंती है कि हैहयवंशियों में परशुराम जी के पिता महर्षि जमदग्नि को युद्ध में 21 भागों में विभक्त कर मृत्यु दी थी। इसके प्रतिशोध में परशुराम ने हैहय वंश के क्षत्रियो का 21 बार विनाश किया था।



परशुराम जी द्वारा यह विनाश केवल अपने शत्रु हैहयवंश का किया गया था न कि सकल क्षत्रिय समाज का।
परशुराम जी द्वारा संपूर्ण क्षत्रिय समाज का वध करने की बात हिंदू समाज में विभाजन के विषाक्त बीज बोने की एक कल्पित कथा है।
हम सहजबुद्धि या बालबुद्धि से भी सोचे तो यह विषय समझ में आ जाता है। हैहयवंशियों के वध की घटना भगवान श्रीराम से भी पहले की है अगर उससे पहले ही क्षत्रिय खत्म हो गये होते तो अयोध्या का सुर्यवंश जिसमे दशरथ राम लक्ष्मण और मिथिला के जनक जैसे अन्य अनेकों क्षत्रिय वंश कैसे बचे रहे?
जब भगवान शिव का धनुष भंजन श्रीराम ने किया तो वहां परशुराम जी का आगमन कहां से आता व इतिहास सिद्ध श्रीरामायण जी में वह प्रसिद्द व प्रेरणादायी परशुराम कहां और कैसे घटित होता ?

तत्पश्चात महाभारत में भी परशुराम जी व भीष्म के मध्य युद्ध का उल्लेख होता है। अगर पूर्व में ही क्षत्रिय समूल समाप्त हो गये होते तो महाभारत काल के अनेक क्षत्रिय वंश थे वो कहां से आते?

स्पष्ट है कि यह मिथक कि भगवान परशुराम जी द्वारा क्षत्रियो का 21 बार पूर्ण विनाश किया गया, यह कथा ब्राह्मणों और क्षत्रियो में वैमनस्यता, विद्वेष व विषमता उपजाने हेतु गढ़ी गई है।

इस संदर्भ में एक एतिहासिक तथ्य और भी है कि परशुराम जी ने हैहयवंश का भी समूल नाश नहीं किया था। सहस्त्रार्जुन के पुत्र का महिष्मती (आज का महेश्वर) में राज्याभिषेक हुआ था और आज भी आज भी हैहय वंश के राजपूत बलिया जिले में मिलते हैं। हैहय वंश की शाखा कलचुरी राजपूत है जो आज भी छतीसगढ़ और मध्य प्रदेश में कलार समाज के नाम से सकल हिंदू समाज में अपना महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं।

**परशुराम जी को भगवान् विष्णु का आवेशावतार कहा जाना भी उचित नहीं है।**

वे आवेश, पराक्रम, अस्त्र शस्त्र के साथ ज्ञान, विवेक, बुद्धि व विज्ञान दृष्टि से भी संज्ञ, प्रज्ञ व विज्ञ थे। परशुराम जी ने समूची सामाजिक व्यवस्थाओं की स्थापना आर्यावर्त के कोने कोने में की थी। उस कालखंड में जब समाज में आर्य एक उपाधि या गुणसूचक विशेषण हुआ करता था उन्होंने अनार्य,अघोरी, औघड़, अवर्ण, सवर्ण, सभी को आर्यश्रेष्ठ बनाने का ऋषिवत आचरण रखा हुआ था।
आज के गोवा और केरल के भू-भाग तो परशुराम जी के फरसे द्वारा प्रगट व पालित भूमि है। वस्तुतः परशुराम जी का फरसा केवल एक शस्त्र नहीं था अपितु यह कृषि एवं जीवन के अन्य क्रिया कलापों में उपयोग होने वाला एक उपकरण था। इस उपकरण से ही उन्होंने मानव जाति को निवास, कृषि व विकास हेतु समुद्र से उपजाऊ भूमि निकालकर मानव विकास में महत्वपूर्ण कारक की भूमिका का निर्वहन किया था।

जहां हमारे पूर्वज व आराध्य श्रीराम की यात्रा उत्तर से दक्षिण की थी, श्रीकृष्ण की यात्रा पूर्व से पश्चिम की थी वहीं परशुराम जी समूचे आर्यावर्त या ज बुद्वीप में अपने विकास चिन्ह छोड़ते हुए आगे बढ़ रहे थे। उड़ीसा का महेंद्रगिरी पर्वत उनकी तपोस्थली है।

महाराष्ट्र का रत्नागिरी कोंकण, मध्यप्रदेश का महू तो छत्तीसगढ़ का सरगुजा और उत्तरप्रदेश का शाहजहांपुर भी इनसे जुड़े पावन स्थल है। मध्यपूर्व के पुराने तुर्क गाथाओं से लेकर इंडोनेशियाई कावी रामकथा तक में परशुराम का विस्तृत उल्लेख है। अनेक विद्याओं के प्रवर्तक इस योद्धा संन्यासी परशुराम जी के जीवन में प्रेम भी प्रस्फुटित हुआ था। समाज में विकास, परिवर्तन , संस्कार, समरसता व भयहीन राष्ट्र के आग्रही परशुराम जी अपने प्रेम को आगे नहीं बढ़ा पाए।

श्रीकृष्ण के हृदय में जो स्थान राधा का था वैसे ही परशुराम जी के अंतस में देवी लोमहर्षिणी विराजमान थी। हृदयंगम लोमहर्षिणी, अनुसिया व लोपमुद्रा जैसी देवियों के संग भगवान् परशुराम ने भारत में मातृशक्ति को वैचारिक नेतृत्व भी दिया था।

आज अक्षय तृतीया के दिन भारतभूमि के हम सनातनियों को यह भी समझना चाहिए कि हमारे मान बिन्दुओं, आदर्शों व नायकों के संदर्भ में किस प्रकार के वितंडे, विरूपण कार्य व विषाक्त विषय समय समय पर प्रचारित किए जाते है। इन सबका लक्ष्य केवल एक ही होता है हिंदू समाज में समरसता को भंग करना।
आज परशुराम जयंती, अक्षय तृतीया पर शपथ लेनी चाहिए कि सामाजिक समरसता ही युगधर्म है और निजधर्म भी, यही भगवान् परशुराम जी द्वारा हमें प्रदत्त धर्म भी है।

**लेखक विदेश मंत्रालय, भारत सरकार में राजभाषा सलाहकार हैं**

## मैं इनकी छाती पर मूंग दलूंगा – दिग्विजय सिंह

भोपाल - जैसे जैसे चुनाव नजदीक आयेंगे नेताओं की जुबानी जंग में पैना पन आयेगा। शुक्रवार को उज्जैन की प्रेस वार्ता के दौरान पूर्व मु यमंत्री दिग्विजय सिंह ने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया पर भाजपा में जाकर सरकार गिराने के कारण निशाना साधते हुये कहा था कि हे प्रभु, हे महाकाल दूसरा ज्योतिरादित्य दोबारा कांग्रेस में पैदा ना हो , सिंधिया ने भी ट्वीट कर पलटवार किया था. भाजपा के मंत्री तुलसीराम सिलावट, महेंद्र सिंह सिसोदिया, कैलाश विजयवर्गीय ने भी दिग्विजय को घेरा था. किसी ने पाकिस्तान में पैदा होने की तो किसी ने चीन में पैदा होने की बात कही, कैलाश विजयवर्गीय ने तो दिग्विजय की मति भ्रष्ट होना बता दी थी । अब दोबारा दिग्विजय सिंह ने तीनों नेताओं को जवाब दिया है.
मेरे खिलाफ बोलने के लिए कुछ नहीं
दिग्विजय सिंह ने तीनों नेताओं के पलटवार के सवाल पर हंसते हुए कहा कि मुझे हंसी आती है. उनके पास मेरे खिलाफ कहने को कुछ है नहीं. कोई कहता है पाकिस्तान चले जाओ, कोई चाइना कह रहा. ये लोग मेरे यहां ED, IB, CBI तो भेज नहीं सकते. पाकिस्तान चाइना की बात कर रहे हैं.

दिग्विजय सिंह ने आगे कहा कि मैं यही पैदा हुआ हूं, यही मरूंगा, ना पाकिस्तान जाऊंगा, ना चाइना, इनकी छाती पर मूंग दल लूंगा. कैलाश विजयवर्गीय ने कहा था कि मति भ्रष्ट हो गई है उज्जैन आकर, जिस पर जवाब में दिग्विजय सिंह ने कहा कि इसलिए मैं बार-बार उज्जैन आउ बाबा महाकाल, माता हरसिद्धि, बाबा काल भैरव के साथ उमेश नाथ जी महाराज के दर्शन कर सकूं. आपको बता दें कि दिग्विजय सिंह शहर अध्यक्ष रवि भदोरिया के यहां देर शाम मुलाकात के लिए पहुंचे थे. जहां कई कार्यकर्ताओं के साथ उन्होंने चर्चा की और मीडिया से बातचीत भी की थी।

## समता और समानता लाने की पहली पहल भगवान श्री परशुराम ने की - मु यमंत्री

### भगवान श्री परशुराम की जन्म-स्थली जानापाव में बनेगा श्री परशुराम लोक एवं धाम

मु यमंत्री ने जानापाव में की भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना

भोपाल - मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि समाज में समता एवं समानता लाने की सबसे पहली पहल भगवान श्री परशुराम ने की थी। उन्होंने सबको भूमि उपलब्ध कराने की पहल भी की थी। उनके विचारों को आगे बढ़ाने के लिये हमने तय किया है कि मध्यप्रदेश में अब कोई भी गरीब आवासहीन नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि भगवान श्री परशुराम की जन्म-स्थली जानापाव में श्री परशुराम लोक एवं धाम बनाया जायेगा। साथ ही प्रदेश में ब्राह्मण कल्याण बोर्ड बनेगा। मु यमंत्री श्री चौहान इंदौर जिले के महू विकासखंड में भगवान श्री परशुराम की जन्म-स्थली जानापाव में परशुराम जयंती समारोह को स बोधित कर रहे थे। उन्होंने यहाँ भगवान श्री परशुराम की पूजा-अर्चना भी की।

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि श्री परशुराम, भगवान श्री विष्णु के 6वें अवतार थे। धर्म की रक्षा एवं दुष्टों के नाश के लिये उनका अवतार हुआ था। मध्यप्रदेश धन्य एवं गौरवशाली है कि भगवान श्री परशुराम का जन्म हमारे प्रदेश में हुआ। वे शस्त्र एवं शास्त्र के ज्ञाता थे। मु यमंत्री ने कहा कि उनकी जन्म-स्थली जानापाव में 10 करोड़ 59 लाख रूपये के विभिन्न विकास कार्य करवाये जा रहे है। इसके लिये राशि स्वीकृत कर दी गई है। उन्होंने कहा कि जानापाव में श्री परशुराम लोक एवं धाम बनाने की रूपरेखा विद्वानों एवं प्रशासन के साथ मिल कर बनाई जायेगी। मु यमंत्री श्री चौहान ने जानापाव में चल रहे विकास कार्यों और कराए जाने वाले कार्यों के संबंध में कार्य-योजना की जानकारी भी प्राप्त की।

केन्द्रीय इस्पात राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि यह हमारे लिये गौरव का विषय है कि भगवान श्री परशुराम की जन्म-स्थली मध्यप्रदेश में है। यह खुशी का विषय है कि इसे तीर्थ के रूप में विकसित किया जा रहा है। सांसद श्री वी.डी. शर्मा ने कहा कि भगवान श्री परशुराम की जन्म-स्थली जानापाव पुण्य-भूमि है। राज्य सरकार द्वारा इसे तीर्थ के रूप में विकसित कर तेजी से विकास कार्य करवाये जा रहे हैं। श्रद्धालुओं के लिये



विभिन्न सुविधाएँ जुटाई जा रही है। श्री रामकिशोर शु ला और राष्ट्रीय परशुराम परिषद के अध्यक्ष श्री सुनील भराला ने भी स बोधित किया।

जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद सुश्री कविता पाटीदार,छतर सिंह दरबार, अरविंद शर्मा, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीना मालवीय, इंदौर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष गोलू शु ला, विधायक रमेश मेंदोला, पूर्व विधायक राजेश सोनकर, संत श्री हीरानंद सहित बड़ी सं या में उपस्थित थे।

**मु यमंत्री को लाड़ली बहनों ने भेंट की विशाल राखी**

मु यमंत्री श्री चौहान को इंदौर जिले के जानापाव पहुँचने पर लाड़ली बहनों ने विशाल राखी भेंट की। उनका जगह-जगह स्वागत भी किया और मु यमंत्री लाड़ली बहना योजना के लिए आभार माना।

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि महिलाएँ हमारी लाड़ली बहना हैं। उनके कल्याण और उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनाने में कोई कसर नहीं रखी जायेगी। उनके स मान की रक्षा भी होगी। मु यमंत्री ने कहा कि महिलाओं के समग्र कल्याण के लिये ही लाड़ली बहना योजना शुरू की गई है। यह एक क्रांतिकारी योजना है। मु यमंत्री श्री चौहान ने सभी महिलाओं से आग्रह किया कि वे योजना में स्वयं पंजीयन कराये और अन्य बहनों को भी प्रोत्साहित करें।

## मु यमंत्री चौहान ने मधुकर राव हर्णे को श्रद्धांजलि दी

भोपाल -मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पूर्व मंत्री श्री मधुकर राव हर्णे के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी।

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि श्री मधुकर राव हर्णे ने मध्यप्रदेश सरकार में मंत्री रहते हुए और अन्य दायित्वों का निर्वहन करते हुए आम जनता की भलाई के लिए सक्रिय भूमिका निभाई। मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मधुकर राव व्यंग्य विनोद भी करते थे। उनके परिचय का दायरा काफी व्यापक था। मु यमंत्री श्री चौहान ने स्व. मधुकर राव हर्णे द्वारा देशभक्ति गीतों के गायन और हँसी-ठहाकों के साथ बातचीत के अंदाज को भी याद किया।

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि स्व. हर्णे का राजकीय स मान से अंतिम संस्कार किया जाएगा। उन्होंने ईश्वर से स्व. मधुकर राव हर्णे की आत्मा की शांति और उनके परिजन को यह दुख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की है।

## गुफा मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए बनेगा विशाल भवन - मु यमंत्री

भोपाल - मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि गुफा मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशाल भवन का निर्माण किया जाएगा। प्रदेश में ब्राह्मण कल्याण बोर्ड की स्थापना की जाएगी। भगवान परशुराम न्याय के देवता थे। उन्होंने आततायियों का नाश करने शस्त्र उठाए थे। उनकी प्रेरणा से मध्यप्रदेश की धरती पर गुण्डे, बदमाश और ने सलियों के विरुद्ध स त कार्यवाही की जा रही है। प्रदेश में कक्षा 8वीं के पाठ्यक्रम में भगवान परशुराम के जीवन-चरित्र को शामिल करने, संस्कृत और कर्मकांड का अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति देने और पुजारियों को मानदेय देने की व्यवस्था की गई है। प्रदेश में आवश्यकता पड़ने पर संस्कृत शिक्षकों को नियुक्त करने का कार्य किया जाएगा। साथ ही मंदिरों की भूमि के संबंध में आवश्यक अधिकार भी रहेंगे। मु यमंत्री श्री चौहान आज गुफा मंदिर परिसर भोपाल में बागेश्वर धाम के स्वामी धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री महाराज जी के सानिध्य में भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव पर अक्षयोत्सव-2023 को संबोधित कर रहे थे। मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि भगवान परशुराम की जन्म-स्थली जानापाव में श्रीपरशुराम लोक का निर्माण किया जाएगा।

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि धर्म और संस्कृति की रक्षा के कार्य में ब्राह्मणों ने विशेष योगदान दिया है। विभिन्न अवसरों पर आवश्यक कर्मकांड के लिए शिक्षित और दीक्षित ब्रा हण अपने दायित्व पूरे करते हैं। प्रदेश में 3547 संस्कृत शिक्षक नियुक्त किए गए हैं। शासकीय विद्यालयों में संस्कृत शिक्षकों की आवश्यकता को देखते हुए और भी नियुक्तियाँ की जाएंगी। मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि श्री धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री महाराज द्वारा दिए गए सुझावों के अनुरूप राज्य सरकार आवश्यक कदम उठाएगी।

जन्मोत्सव कार्यक्रम में गुफा मंदिर के महंत रामप्रवेश दास, चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग, सांसद विष्णु दत्त शर्मा, पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुरेश पचौरी, विधायक रामेश्वर शर्मा, भोपाल महापौर श्रीमती मालती राय, भोपाल के पूर्व महापौर श्री आलोक शर्मा, श्री शशि भाई सेठ, जन-प्रतिनिधि और बड़ी सं या में नागरिक उपस्थित थे। मु यमंत्री श्री चौहान ने इसके पूर्व लालघाटी चौराहा स्थित दुर्गा मंदिर पहुँच कर अक्षय तृतीया पर पूजा अर्चना की। दुर्गा मंदिर से गुफा मंदिर परिसर तक शोभा यात्रा भी निकाली गई, जिसमें नागरिकों ने पुष्प-वर्षा कर मु यमंत्री श्री चौहान का स्वागत किया। शोभायात्रा में बड़ी सं या में श्रद्धालुओं ने भागीदारी की।

**ब्राह्मण कल्याण बोर्ड की होगी स्थापना**
**भगवान परशुराम की जन्म-स्थली जानापाव में बनेगा श्री परशुराम लोक**
**परशुराम जी का जीवन-चरित्र अब पाठ्यपुस्तक में, संस्कृत अध्ययन पर प्रोत्साहन**
**मु यमंत्री श्री चौहान भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव में हुए शामिल**






## कार्यकर्ताओं के सुझाव पर आधारित चुनावी रोडमेप पार्टी के लिए लाभकारी - नरेंद्र सिंह तोमर

### केंद्रीय मंत्री ने भोपाल नगर, ग्रामीण एवं सिहोर जिले की बैठकों को किया संबोधित

सीहोर/भोपाल। भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित दल है। कार्यकर्ता पार्टी की असली ताकत है। यही कारण है कि आज पार्टी इस मुकाम पर पहुची है। हम सबके सामने 2023 में विधानसभा चुनाव एवं 2024 में लोकसभा चुनाव हैं। हमें भाजपा के पूर्वजों का सपना साकार करना है। भाजपा के कार्यकर्ता के मन में देश सबसे पहले और दल उसके बाद होता है। कार्यकर्ताओं के सुझाव पर आधारित चुनावी रोडमेप पार्टी के लिए लाभकारी होते हैं। यह बात केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री नरेन्द्रसिंह तोमर ने भोपाल नगर, ग्रामीण की संयुक्त बैठक एवं सीहोर जिले की बैठक को संबोधित करते हुए कही। केंद्रीय कृषि मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने शनिवार को प्रदेश कार्यालय में आयोजित भोपाल नगर, ग्रामीण की बैठक को संबोधित किया। उन्होंने पूर्व में सीहोर जिले की बैठक को संबोधित किया। बैठक में केंद्रीय मंत्री श्री तोमर ने पार्टी के सांसद, पूर्व सांसद, विधायक, पूर्व विधायक, जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की उपस्थित में आगामी चुनाव की दृष्टि से आवश्यक सुझावों पर चर्चा की। भोपाल जिले की बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संभाग प्रभारी श्री कांतदेव सिंह, प्रदेश महामंत्री श्री भगवानदास सबनानी, प्रदेश शासन



के मंत्री श्री विश्वास सारंग, प्रदेश प्रशिक्षण प्रभारी श्री विजय दुबे भोपाल जिला प्रभारी श्री महेन्द्र सिंह यादव, जिला अध्यक्ष श्री सुमित पचौरी, भोपाल ग्रामीण जिला अध्यक्ष श्री केदारसिंह मंडलोई मंचासीन थे। सीहोर की बैठक में प्रदेश प्रशिक्षण प्रभारी श्री विजय दुबे, जिला प्रभारी बहादुरसिंह मुकाती, जिला अध्यक्ष श्री रवि मालवीय, विधायक श्री करणसिंह वर्मा, श्री सुदेश राय, श्री रघुनाथसिंह मालवीय मंचासीन थे।

श्री तोमर ने कहा कि कार्यकर्ता ही पहले माहौल बनाते हैं और उस माहौल से चुनाव को जीत में बदल देते हैं। आज प्रदेश ही नहीं देश में भी हमारी पूर्ण बहुमत की सरकार हैं। हमारा लक्ष्य भारत को विश्वगुरु बनाना एवं भारत माता को परम वैभव पर पहुंचाना है। हमे अब पार्टी को सर्वस्पर्शी सर्वव्यापी बनाना है। हमारे पास सबसे सशक्त नेता श्री प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के रूप में हमारे पास है। पार्टी के पूर्वजों पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, अटल बिहारी वाजपेयी जी जैसे नेताओं ने जो सपना देखा था, आज उस सपने को हम सबको मिलकर पूरा करना है।

केंद्रीय मंत्री श्री तोमर ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने जो कैशलेश व्यवस्था की शुरुआत की आज इसका सब लोहा मान रहे हैं। हम लगातार टे नालॉजी में आगे बढ़ रहे है। मेक इन इंडिया के तहत आज हम खुद वंदे भारत ट्रेन का निर्माण कर रहे हैं। एक समय था जब भारत आयात करता था, आज भारत निर्यात करने वाला देश बन गया है। रक्षा के क्षेत्र में भी अब हम खुद रक्षा उपकरण बना रहे हैं, उन्हें निर्यात भी कर रहे है, ये हमारी सरकार की कार्य करने की गति है। हम सब को व्यापक लक्ष्य सामने रख कर अपनी भूमिका खुद तय कर उसका निर्वाहन करना है।

# विधानसभा चुनाव 2023 अस्पष्ट संभावनाएँ - भाग -1

## भाजपा एवं कांग्रेस के एक एक प्रत्याशी चयन में होगी सावधानी

सिवनी यशोः- आगामी नबंवर माह में विधानसभा चुनाव होना है । चुनाव के लिये लगभग छै माह का समय शेष रह गया है प्रदेश में होने वाले चुनाव भाजपा एवं कांग्रेस के लिये बेहद महत्वपूर्ण है तो वहीं आम आदमी पार्टी भी प्रदेश में दस्तक दे रही है असदुद्दीन ओवैसी की पाटी ए आई एम आई एम भी कुछ विधानसभा क्षेत्रों में अपने प्रत्याशी मैदान में उतार सकती है । गोंडवाना गणतंत्र पार्टी, बसपा, सपा सहित अन्य राजनैतिक दल भी चुनाव मैदान में रहते है परंतु मध्यप्रदेश की राजनीति में अभी तक भारतीय जनता पार्टी एवं नेशनल कांग्रेस ही मु य राजनैतिक दल के रूप में चुनाव लड़ते रहे हे अन्य किसी तीसरे दल की भूमिका केवल राजनैतिक क्षेत्र में चुनावी समीकरणों को प्रभावित करने वाली रही है आम आदमी पार्टी मध्यप्रदेश में जिस ताकत से पूरे 230 विधानसभा क्षेत्रों में अपने प्रत्याशी उतारने की बात कर रही है वैसी तैयारी अभी कुछ दिखाई नहीं दे रही है । भाजपा - कांग्रेस दोनों राजनैतिक दल प्रत्याशियों का चयन बहुत सावधानी से करेंगे दोनों के लिये एक एक सीट महत्वपूर्ण रहेगी और दोनों राजनैतिक दल पिछले परिणाम से इस बात को समझ गये है कि एक एक सीट का कितना महत्व होता है । पिछले विधानसभा चुनाव के परिणाम में कांग्रेस को 114 सीटे मिली थी जबकि भाजपा को 109 सीटे शेष 07 सीटे अन्य के खाते में थी ।

### गोंडवाना गणतंत्र पार्टी की अहम भूमिका

सिवनी जिले की चार विधानसभाओ में से अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिये आराक्षित दो विधानसभा क्षेत्र लखनादौन एवं बरघाट कांग्रेस के पास है और जिले की दोनों सामान्य सीटों सिवनी एवं केवलारी पर भाजपा का कब्जा है । जिले की चारों विधानसभाओं में आदिवासी मतदाताओं की बड़ी सं या है परंतु वोटों का विभाजन होता है तथा आदिवासी मतदाताओ का बड़ा हिस्सा मिलने के बाद भी गोंडवाना गणतंत्र पार्टी अपनी जीत दर्ज नहीं करा पाती । भाजपा एवं कांग्रेस के प्रतिबद्ध आदिवासी मतदाताओंएवं अन्य वर्गोके मतदाताओ के वोटों का बड़ा हिस्सा भाजपा एवं कांग्रेस के पक्ष में जाता है ।

### गोंगपा और कांग्रेस मे संभावित समझौते का मसौदा

कांग्रेस पार्टी मध्यप्रदेश में अपनी सरकार बनाने के वे सारे प्रयास कर रही है जो उसे सत्ता के सिंहासन तक ले जाने में सहायक सिद्ध हो इसी प्रयास के तहत कांग्रेस गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से गठबंधन की कोशिश




भी कर रही है और जानकारी के अनुसार गोंडवाना के प्रदेश स्तरीय एवं राष्ट्रीय नेताओं से इस संबंध में चर्चा को भी अंतिम देने के प्रयास हो रहे है परंतु गोंडवाना के कुछ नेताओं का मानना है कि कांग्रेस की बैसाखी से तात्कालिक लाभ तो होगा परंतु गोंडवाना के अस्तित्व पर संकट बन सकता है । जानकारी के अनुसार गोंडवाना गणतंत्र पार्टी सिवनी जिले की दो विधानसभाएँ मांग रही है । वहीं कांग्रेस दोनों आरक्षित सीटों पर कांग्रेस के काबिज विधायक वाली सीटे देने के पक्ष में नहीं है । जिला मु यालय की सीट शायद ही कांग्रेस समझौते में दे परंतु इस संभावना से इंकार भी नहीं किया जा सकता `योंकि 2008 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस मु यालय की सीट एनसीपी को दी चुकी थी परंतु बाद में समझौते को तोड़कर कांग्रेस ने अपने प्रत्याशी के रूप में प्रसंन्नचंद मालू को चुनाव लड़ा दिया था हालांकि उस चुनाव में कांग्रेस की स्थिती बहुत खराब रही और भाजपा की श्रीमती नीता पटेरिया चुनाव में स मानजनक वोटों से विजयी रही ।

### तब ठाकुर रजनीश सिंह होंगे सिवनी से प्रत्याशी

अब शेष सीट बचती है केवलारी गोंडवाना यदि एक सीट पर कांग्रेस से समझौता करती है तो केवलारी विधानसभा गोंडवाना के खाते में जा सकती है परंतु यह विधानसभा कांग्रेस का गढ़ रही है 2018 के चुनाव में कांग्रेस की पराजय का कारण भाजपा की कुशल रणनीति रही है और कांग्रेस के प्रत्याशी पूर्व विधायक रजनीश हरवंश सिंह ठाकुर जीत के प्रति चुनाव के दौरान इतने अधिक आशांवित होगये थें कि वे ऐसा मान रहे थे कि भाजपा ने उनके सामने बहुत कमजोर प्रत्याशी दिया है परंतु भाजपा के प्रत्याशी राकेश पाल सिंह जिस कुशलता से चुनाव लड़ा उसकी भाजपा को भी उ मीद नहीं थी । कांग्रेस और गोंडवाना के बीच समझौता होने की वैसे तो कोई उ मीद नहीं है परंतु यदि हुआ तो केवलारी विधानसभा सीट कांग्रेस गोंडवाना को दे सकती है और यदि केवलारी विधानसभा सीट समझौते में चली जाती है तो ठाकुर रजनीश सिंह चुनाव लड़ेंगे कहाँ से संभव है ऐसी स्थिती में वे सिवनी विधानसभा से प्रत्याशी हो ।

क्रमशः

# माह रमजान : मस्जिदों में अदा की गई जुमातुल विदा की नमाज



सिवनी यशोः-जिला मु यालय सहित ग्रामीण अंचलों में स्थित सभी मस्जिदों में 21 अप्रैल शुक्रवार को माह रमजान के जुमातुल विदा की नमाज अदा की गई, इस दौरान मस्जिदों में माह रमजान एवं जुमातुल विदा के साथ ही ईदुल्लफितर की नमाज के बारे में तकरीर की गई।

ज्ञात हो कि माह रमजान की शुरूवात 23 मार्च की शाम चांद नजर आने के बाद हुई थी जिसका पहला रोजा 24 मार्च को रखा गया था, इस्लाम धर्म में माह रमजान को सबसे पवित्र महीना मानने के साथ ही इस माह को सभी महीनों का सरदार भी कहा जाता है। माह रमजान में मुस्लिम धर्मालंबी दिन के समय रोजा रख नमाजों का एहतेमाम करते है वहीं रात के समय तरावीह की विशेष नमाज अदा करने के साथ इबादत भी करते है।


माह रमजान को 3 असरों में बांटा गया है जिसमें पहला असराह पहले रोजे से 10 वें रोजे तक रहमत व बरकत का, दूसरा असराह 11 वें रोजे से 20 वें रोजे तक मगफिरत का एवं तीसरा असराह 21 वें रोजे से आखिरी रोजे तक जहनम से आजादी का रहता है। इसी आखिरी असरे में 5 शबेकद्र 21, 23, 25, 27, 29 शबेकद्र पड़ती है जिन्हे ताक राते भी कहा जाता है। इन रातों में एक रात की इबादत एक हजार महीनों की इबादत से बेहतर बतायी गई है। बीते दिवस 20 अप्रैल को तमाम मस्जिदों में 29 वीं शबेकद्र मनायी गई इस दौरान जहां मस्जिदों में मिलादे महफिल का आयोजन किया गया वहीं रात भर लोग अपने पालनहार की इबादत में मशबूल रहे। जहां नमाजों व कुरआन की तिलावत का दौर भी जारी रहा। माह रमजान के आखिरी असराह में मस्जिदों में ऐतकाफ भी किया जाता है जहां एतेकाफ के दौरान वंदे अपने रब की खुशनुबी हासिल करते है।

### माह रमजान में हुई 5 जुमों की नमाज अदा

इस वर्ष माह रमजान की शुरूवात भी जुमे के दिन से हुई और माह रमजान का आखिरी रोजा भी जुमे के दिन रखा गया। माह रमजान का पहला जुमा 24 मार्च को अदा किया गया वहीं दूसरा जुमा 8 वें रोजे 31 मार्च को, तीसरा जुमा 15 वें रोजे 7 अप्रैल को, चौथा जुमा 22 वें रोजे 14 अप्रैल को एवं 5 वां जुमा 29 वें रोजे 21 अप्रैल को अदा किया गया।

# राम कथा जीने की और भागवत कथा मरने की कला सिखाती हैं - स्वामी प्रज्ञानानंद

सिवनी यशोः - जीव प्रकृति के आधीन होता है और प्रकृति परामात्मा के आधीन होती है परंतु मनुष्य प्रकृति को छोड़कर प्रवृति और विकारों के के की गुलामी में फंस जाता है लोभ मोह माया के फेर में पड़ जाता है और बार बार मृत्यु लोक में उसे आना पड़ता है श्रीमद भागवत मृत्यु लोक के इस` लेश से बचाने का सुमार्ग बताती है परमात्मा की प्राप्ति की और परमात्मा में समा जाने का युक्ति बताती है । भागवत कथा हमें मरना सिखाती है जबकि श्रीराम कथा हमें जीना सिखाती है । हमें जीना कैसे है और मरना कैसे है यह दोनों सीखना जरूरी है । उक्ताशय का मंतव्य राजश्री पैलेस में भागवत कथा की व्यास पीठ से ब्रहलीन द्विपीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद जी सरस्वती जी महाराज के परम प्रिय शिष्य महामंडलेश्वर दंडी स्वामी प्रज्ञानानंद जी महाराज ने व्यक्त किये ।



महाराज श्री ने कहा कि शांत और सत्य के साथ रहना हमारा प्राकृतिक ईश्वर प्रदत्त स्वाभाव है । क्रोध, दुर्भावना, दुराग्रह असत्य को हमने जन्म देते है जबकि शांति और सत्य परमात्मा का स्वरूप है । इस सत्य को पाना हर जीव की चाहत होती है और इसके लिये वह निरंतर यात्रा करता है । महाराजश्री ने कहा कि हम परमात्मा के अंश है और इसका अंत परमात्मा में मिलने से ही होगा। भागवत की शरण में जो आ जाता है वह स्वयं भागवत हो जाता है परमपिता परमेश्वर का हो जाता है परंतु इसका श्रवण और मनन निरंतर होना चाहिये। महाराज श्री ने पवित्र कथा गंगा का प्रवाह करते हुये भागवत कथा के चरित्रों का सुंदर वर्णन करते हुये कथा के गूढ रहस्यों को प्रतिपादित करते हुये बताया कि लक्ष्मी को माता के रूप में या पुत्री के रूप में पूजा जाना चाहिये माता वह सब देती है जो पुत्र को आवश्यक होता है और पुत्री जैसे जैसे बढ़ती है उसे धर्म के मार्ग में प्रवृत किया जाता है अर्थात जब धन बढ़ता है तो उसका सदुपयोग अच्छे कामों में करना चाहिये।

भागवत कथा के सुंदर चरित्रों का वर्णन करते हुये भगवान कृष्ण और जामवंत प्रसंग,कृष्ण जी के प्रदुम्न द्वारा संभासुरवध, सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुये आज कथा को विश्राम दिया गया कथा विश्राम के पश्चात कथा स्थाल पर महाप्रसाद का वितरण किया गया ।

### पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश अध्यक्ष 24 अप्रैल को सिवनी आएंगे पदयात्रा नुक्कड़ सभा एवं प्रेस से मिलेंगे

सिवनी यशोः- मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष एवं मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव पवन कुमार पटेल 24 अप्रैल को सायं 4:00 बजे सिवनी आएंगे। सिवनी आगमन पर बरघाट नाका में उनका स्वागत किया जाए। तत्पश्चात वे एकपद यात्रा के माध्यम से बरघाट नाका से रानी दुर्गावती चौक तक आएंगे तत्पश्चात सोमवारी चौक पहुंचकर एक नुक्कड़ सभा को संबोधित करेंगे। तदुपरांत जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में प्रेस के साथियों एवं पिछड़ा वर्ग के साथियों से मिलेंगे। उल्लेखनीय है कि श्री पटेल दिनांक 15 अप्रैल से राहुल कमलनाथ संदेश यात्रा के माध्यम से पूरे प्रदेश के दौरे पर हैं।

उक्त आशय की जानकारी देते हुए मध्य प्रदेश कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग के उपाध्यक्ष मोहन सिंह चंदेल एवं पिछड़ा वर्ग विभाग के जिला अध्यक्ष श्री विनोद यादव ने समस्त पिछड़ा वर्ग के साथियों एवं कांग्रेस के कार्यकर्ता साथियों से समस्त कार्यक्रमों की में उपस्थिति की अपील की है।

# विधायक दिनेश राय मुनमुन ने प्रभारी मंत्री के साथ मेडिकल कॉलेज का किया निरीक्षण

सिवनी यशोः - गत बुधवार 19 अप्रैल को जिले के प्रभारी मंत्री ओमप्रकाश सखलेचा ने सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन के साथ निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया। सिवनी नगर के समीपस्थ ग्राम कंडीपार स्थित निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का प्रातः 11:30 बजे प्रभारी मंत्री श्री सखलेचा ने वहाँ पहुँचकर 3 डी व्यू माडल को देखा तथा निर्माण एजेंसी जेपी स्ट्रक्चर प्रायवेट लिमिटेड राजकोट (गुजरात) के अधिकारियों से निर्माण के संबंध मे विस्तृत जानकारी प्राप्त की । विधायक श्री राय के साथ निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण करते हुए प्रभारी मंत्री ओमप्रकाश सखलेचा ने उपस्थित अधिकारियों को गुणवत्ता युक्त कार्य समयावधि पर करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर आलोक दुबे जिलाध्यक्ष भाजपा, क्षितिज सिंघल कले टर, रामजी श्रीवास्तव पुलिस अधीक्षक, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष संजय सोनी, अरविन्द सेन, आशीष मानाठाकुर, पीयूष दुबे , आशीष सोनी, अनूप मिश्रा, अहफाज खान विधायक प्रतिनिधि, कमल किशोर सिंगारे पीआईयू, मेघा शर्मा एसडीएम, रविन्द्र पारधी प्रभारी तहसीलदार सहित निर्माण एजेंसी के अधिकारी व कर्मचारियों की उपस्थिति रही।



इसके पश्चात विधायक दिनेश राय मुनमुन कले टर सभाकक्ष में प्रभारी मंत्री ओमप्रकाश सखलेचा की अध्यक्षता में आयोजित जल जीवन मिशन की बैठक मे शामिल हुए। इसके उपरांत प्रभारी मंत्री विधायक श्री राय के साथ दलसागर चौपाटी पहुंचकर निरीक्षण किया तथा प्रस्तावित सौंदर्यीकरण कार्यो के संबंध मे उपस्थित नगर पालिका के अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त किया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के पदाधिकारी, पार्षद गण, सहित अधिकारियों व कर्मचारियों की उपस्थिति रही। इसके पूर्व में प्रातः 10:00 बजे प्रभारी मंत्री जी के लखनादौन आगमन पर विधायक श्री राय द्वारा होटल मिडवे ट्रीट में मुलाकात कर स्वागत किया।

# नवनिर्मित शांति शिखर भवन का भव्य उद्घाटन संपन्न हुआ

सिवनी यशो-÷ब्रह्मा कुमारी द्वारा नवनिर्मित शांति शिखर भवन का भव्य उद्घाटन÷ ब्रह्मा कुमारीज के मु यालय माउंट आबू से पधारे डॉ टर सविता दीदी जी (महिला प्रभाग की संयोजिका) एवं साथ ही साथ 108 योगी तपस्वी ब्रह्माकुमार भाइयों का काफिला, इंदौर एवं भिलाई, रायपुर से पहुंचे ब्रह्माकुमारी हेमलता दीदी जी ,ब्रह्माकुमारी आशा दीदी जी, ब्रह्माकुमारी सविता दीदी जी , बरघाट - कुरई क्षेत्र के विधायक भ्राता अर्जुन काकोरिया जी, सिवनी के विधायक भ्राता मुनमुन राय जी एवं पूर्व सांसद बहन नीता पटेरिया जी और संपूर्ण भारत से पधारे ब्रह्माकुमार ब्रह्माकुमारी भाई बहनों के सानिध्य में संपन्न हुआ।



### हेमलता दीदी जी ने अपने वक्तव्य में कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी जिनका मन स्थिर है वास्तव में यही सच्ची शांति है ।

डॉ टर सविता दीदी जी ने कहा कि आज संसार में सभी को शांति की आवश्यकता है , तो हमें पहले इस भवन को गहन तपस्या करके शांति प्रेम खुशी के वाइब्रेशन से भरना होगा द्य तभी यह भवन श्व्द्गड्डष्द्ग द्धश्वह्वह्यद्ग लाइट हाउस द्बद्घद्ध्ढ़ द्धश्वह्वह्यद्ग बनकर औरों को भी शांति, शक्ति ,खुशी की अनुभूति कराने योग्य होगा । माननीय श्रीवास्तव जी ( एसपी )ने कहा की इस दौड़ती भागती जिंदगी में हर एक व्यक्ति को अपने मन एवं शरीर के लिए कम से कम दो घंटे का समय जरूर देना चाहिए। ब्र हाकुमारी संस्थान द्वारा बनाया गया शांति शिखर भवन लोगों के मन को शांति शांति प्रदान करेगा। माननीय विधायक महोदय मुनमुन राय ने कहा की ब्रह्माकुमारी बहनों का स्नेह और आशीर्वाद मुझे हमेशा से मिलता रहा है ,समय-समय पर यह मुझे याद करते हैं और ऐसे कार्यक्रम में आमंत्रित भी करते हैं। यहां आकर बहुत सुकून मिलता है, शांति मिलती है । माननीय नीता पटेरिया जी ने शुभ कामनाएं देते हुए कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा निर्मित भवन हमारे जिले के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है , यह भवन श्रेष्ठ समाज के निर्माण में अहम भूमिका निभाएगा ।




सिवनी जिले से अनेक ब्रह्मा कुमारी- कुमारी भाई बहने संपूर्ण भारत में अनेक राज्यों में सेवाएं प्रदान कर रहे हैं, वह सभी भी इस शुभ अवसर पर यहां उपस्थित हुए । माउंट आबू में करीब 30 वर्षों से समर्पित रूप से सेवाएं प्रदान कर रहे ब्रह्माकुमार चेतन भाई जी अपने सहयोगी भाइयों को लेकर 3 दिन पहले से ही कार्यक्रम को भव्य रूप देने के लिए तैयारियां करा रहे थे। उद्घाटन अवसर पर संपूर्ण भारतवर्ष से करीब चार हजार भाई बहनों ने भाग लिया । ब्र हाकुमारी ज्योति दीदी द्वारा सभी को विशेष रूप से ईश्वरीय सौगात प्रदान कर स मानित किया गया। करीब 30 मीडिया कर्मियों को भी सौगात देकर के स मानित किया गया। इंटरनेशनल मोटिवेशनल स्पीकर ब्रह्माकुमार शक्ति राज भाई के द्वारा कुशल मंच संचालन किया गया। ब्र हाकुमारी गीता दीदी के द्वारा आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया । भोमा एवं छपारा के बच्चों के द्वारा विशेष मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए। ब्र हाकुमारी ज्योति दीदी ने कहा कि अब से यहां पर अनवरत योग साधना के कार्यक्रम चलते रहेंगे सिवनी शहर के सभी भाई बहनों से अपील की है कि आप सभी यहां पर प्रतिदिन आकर ध्यान साधना अवश्य करें।

# भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशानुसार देवगांव में युवा चौपाल संपन्न



सिवनी यशोः-सिवनी विधानसभा के चमारी मंडल में युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार के निर्देशानुसार युवा चौपाल का आयोजन किया गया इस आयोजन में बड़ी सं या में युवाओं ने सहभागिता की कार्यक्रम में युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्या एवं जिले के प्रभारी जय रोहणी उपस्थित रहे । कार्यक्रम में आदिवासी अंचल के 50 युवाओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष युवराज राहंगडाले ने भाजपा की सदस्यता लेने वाले युवाओं को गले लगाकर बधाई दी और कहा कि राष्ट्रसेवा के भाव को प्राथमिकता में रखनी वाली भारतीय जनता पार्टी के परिवार में आप सभी की सदस्यता अभिनंदनीय है सभी सदस्यता लेने वाले सदस्यों को युवा मोर्चा के पदाधिकारियों ने पार्टी का गमछा पहनाकर उनका स्वागत किया ।

कार्यक्रम में भाजपा के विचारों से संबंधित उद्बोधन में जय रोहाणी ने कहा कि युवाओं को भाजपा में स मान और अवसर प्रदान किये जाते है उन्हें राष्ट्र के लिये काम करने की प्रेरणा दी जाती है । इस अवसर पर युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष लवकेश त्रिवेदी जिला उपाध्यक्ष योगेश शिवहरे जिला उपाध्यक्ष चक्रेश सिंह ठाकुर जिला मंत्री शेर सिंह उइके जिला मंत्री अमित पांडे ,जिला कोषाध्यक्ष अर्जुन तिवारी ,जिला कार्यसमिति सदस्य अंकित सिंह ठाकुर युवा मोर्चा मंड़ल अध्यक्ष मोनू साहू जी जिला सोसल मीडिया प्रभारी खुशेन्द्र पवार मीडिया संह प्रभारी धीरज राय एवंदेवगांव सरपंच चंदन लाल धुर्वे सचिव सतीष बरकडे युवा मोर्चा महामंत्री राहुल साहू नगर अध्यक्ष गोलू उईके चैन सिंह उइके एसटी मोर्चा उपाध्यक्ष राकेश धुर्वे युवा मोर्चा महामंत्री मदन धुर्वे जी देवगाव पवन धुर्वे रामजी धुर्वे सतीश परते राजेश उईके संतराम मोहित धुर्वे मिथलेश अभिषेक अब्बू यादव सिवम बरमैया सोनू राजपुत भूपेंद्र उईके डहरिया अवंत कुशवाहा धर्मेंद्र दुर्गा प्रसाद पहलाद मुकेश सिवराम कृष्ण कुमार सुरज उईके रमेश टेकाम राजा बघेल गोलू सोनी अरुण कुमरे नंद कुमार भलावी सुमन धुर्वे अंकित धुर्वे अभिषेक भलावी मुकेश धुर्वे सतेंद्र उईके रामचंद मसराम सोमनाथ झरिया अनिल धुर्वे मुकेश करवेती अभय उईके राकेश उईके प्रसांत पंद्रे भूपेंद्र उईके एवं भाजपा के समस्त वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

